दिनांक : 22 .11.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री के साथ की महत्वपूर्ण बातचीत।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हैदराबाद में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ करेंगे संवाद
- प्रदेश में पड़ रही कड़ाके की ठंड, भोपाल सहित कई जिलों में आज चल सकती है शीत लहर
- भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच क्रिकेट टेस्ट मैच श्रृंखला का अंतिम मुकाबला आज।

प्रधानमंत्री साउथ अफ्रीका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी–20 शिखर सम्मेलन से इतर कल ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ बातचीत की। दोनों नेताओं ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के पाँच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में द्विपक्षीय संबंधों में उल्लेखनीय गहनता और विविधता पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में रक्षा और सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, व्यापार और निवेश, शिक्षा तथा लोगों के बीच आदान–प्रदान सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की गई। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने भारत में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले पर मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। आपको बता दें कि श्री मोदी तीन दिवसीय जी–20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कल शाम जोहान्सबर्ग पहुँचे हैं।

मुख्यमंत्री उद्योग हैदराबाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश में बड़े औद्योगिक निवेश आकर्षित करने के लिए आज हैदराबाद में 'इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन मध्यप्रदेश' सत्र के तहत दक्षिण भारत के प्रमुख उद्योगपतियों के साथ संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, प्रदेश में निवेश विस्तार, नई इकाइयों की स्थापना और विभिन्न सेक्टरों में दी जा रही सुविधाओं पर संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ग्रीनको मुख्यालय का भ्रमण करेंगे और ग्रीनको समूह के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक भी होगी, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र में संभावित सहयोग और बड़े पैमाने के औद्योगिक निवेश पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद द लीला होटल में आयोजित मुख्य सत्र में उद्योगपतियों के साथ वन–टू–वन चर्चा करेंगे, जिनमें आईटी, आईटीआईएस, ईएसडीएम, बायोटेक, मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों में निवेश योजनाओं और आगामी प्रोजेक्ट्स पर चर्चा होगी।

एसआईआर निर्वाचन

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एस.आई.आर. के तहत कार्य कुशलता पूर्वक किया जा रहा है। इस कार्य के बीच, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने एस आई आर की प्रक्रिया में जनसहयोग का आह्वान करते हुए कहा कि नागरिक सही जानकारी देकर इस प्रक्रिया में सहयोग करें और मतदाता सूची को अधिक सटीक बनाएं। उन्होंने कहा कि आपका सहयोग ही पारदर्शी निर्वाचन की शक्ति है।

युवा कौशल विकास

प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के कौशल और व्यक्तित्व विकास को और निखारने के लिए उच्च शिक्षा विभाग उन्हें निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है। अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन ने बताया कि पारंपरिक कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को रोजगार अवसरों के अनुरूप तैयार करने के लिए जॉब इंटरव्यू तकनीक, संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास पर विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण बेंगलुरु के एसजीबीएस उन्नति फाउंडेशनद्वारा स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दिया जाएगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत स्नातक अंतिम वर्ष एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक प्रदेश के 137 महाविद्यालयों में 345 प्रशिक्षण हो चुके हैं, इसमें 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों को कौशल एवं व्यक्तित्व विकास की ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल० मुरुगन ने कल गोआ के पणजी में भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के अवसर पर क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो 2025 के पाँचवें संस्करण का शुभारंभ किया। गोवा से हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

*क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो के माध्यम से 125 उभरते हुए सितारे अपने विचारों को पटकथा से लेकर पर्दे तक पहुंचाने के लिए 48 घंटे की एक गहन फिल्म निर्माण चुनौती के लिए तैयार हैं। भारत के सबसे प्रतिभाशाली और नवोदित युवा फिल्म निर्माताओं के लिए यह एक ऐसा मंच है, जो आधुनिक समय के निर्देशकों, अभिनेताओं तथा कहानीकारों की खोज करता है। केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने इस पहल की सराहना की है, जो देश के उभरते रचनाकारों को वैश्विक निर्माताओं और रचनात्मक नेटवर्क से जोड़ती है। उन्होंने न केवल फिल्म निर्माण के लिए, बल्कि भारत के रचनात्मक भविष्य को आकार देने के लिए इसके महत्व को रेखांकित किया। डॉ. मुरुगन ने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने कौशल को निखारने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए इस अनुभव का आनंद लें। देश के जाने–माने फिल्ममेकर मुजफ्फर अली ने इफ्फी 2025 की पहली मास्टरक्लास शुरू की। इस मौके पर उन्होंने अपने पुत्र शाद अली के साथ चर्चा करता हुए फिल्मों से जुड़े अपने अनुभव साझा किये। इसके बाद विभिन्न थिएटर में अलग–अलग फिल्में भी दिखाई गईं। आदर्श के साथ, निखिल कुमार आकाशवाणी समाचार, पणजी*

ठंड चेतावनी

प्रदेश में कड़ाके की ठंड का दौर तेज हो गया है। कल भोपाल, राजगढ़, इंदौर, खंडवा, शाजापुर और नरसिंहपुर जिलों में शीत लहर चली, जबकि खरगोन में तीव्र शीत लहर का प्रकोप रहा एवं नरसिंहपुर जिला शीतल दिन रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी में 5.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। राजगढ़ में 8, भोपाल में 9.6, इंदौर में 8.4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ। वहीं, नर्मदापुरम और रीवा जिले में दृश्यता घटकर 500 मीटर से 1 हजार मीटर के बीच रही। मौसम विभाग ने आज भी भोपाल, राजगढ़, खंडवा, इंदौर, शाजापुर में शीत लहर चलने की चेतावनी दी है, वहीं, नरसिंहपुर जिले में शीतल दिन की परिस्थिति निर्मित हो सकती है।

क्रिकेट एवं बैडमिंटन

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो क्रिकेट टेस्ट मैच की श्रृंखला का दूसरा और अंतिम मुकाबला आज गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच सुबह नौ बजे शुरू होगा। विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत भारत की कप्तानी करेंगे। भारतीय कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने के कारण दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में भारत को तीस रन से हराया था। अब बात बैंडमिंटन की। ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन में भारत के लक्ष्य सेन पुरूष सिंगल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। सिडनी में लक्ष्य ने कल क्वार्टर फाइनल में अपने ही देश के आयुष शेट्टी को हराया। आज फाइनल में उनका मुकाबला ताइवान के चाउ टिएन–चेन से होगा। वहीं, इंदौर में खेले जा रहे स्क्वैश में, इंडियन ओपन महिला फाइनल में अनाहत सिंह का मुकाबला आज जोशना चिनप्पा से होगा।

बिजली छूट

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के 16 जिलों के उपभोक्ताओं के लिए धारा 126 में लंबित प्रकरणों में लोक अदालत की तर्ज पर छूट प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए उपभोक्ताओं को ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन करने की सुविधा दी गई है। आवेदन एक दिसंबर से शुरू होकर 31 दिसंबर तक लिए जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन के लिए उपभोक्ता कंपनी पोर्टल portal-mpcz-in पर कंज्यूमर आईडी की प्रविष्टि करते ही उपभोक्ता को धारा–126 में दर्ज लंबित प्रकरण प्रदर्शित होगा। इसके बाद उपभोक्ता ऑनलाइन भुगतान का विकल्प चयन कर भुगतान कर सकते हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में प्रधानमंत्री पोषण योजना अंतर्गत विद्यालयों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय राज ने कल ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की।
- खंडवा में 21 नवंबर से 4 दिसंबर तक पुरुष नसबंदी पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और 5 से 10 मिनट में पूरी हो जाती है। नसबंदी कराने पर 3000 रुपये व प्रेरक को 400 रुपये की प्रोत्साहन राशि मिलेगी।
- भोपाल में एस आई आर कार्य में तेजी लाने के लिए बीएलओ को प्रतिदिन टारगेट पूरा करने पर प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देने का ऐलान किया है।
- उमरिया जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बाघ का शव मिला है। घटना टाइगर रिजर्व के पतौर कोर परिक्षेत्र की है और बाघ की उम्र महज दो वर्ष बताई गई है।
- इंदौर जिले के महू में 60 करोड़ रुपये की 18 बीघा शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। इस भूमि पर करीब 40 वर्षों से अवैध कब्जा था।
- डिंडौरी कलेक्टर अंजू भदौरिया के मार्गदर्शन में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।

-------